भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2316
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 4 अगस्त, 2025
13 श्रावण, 1947 (शक)

मराठा किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया जाना

2316. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव:
श्री मनीष जायसवाल:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में देश में 12 मराठा किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त किलों के नाम और स्थान क्या हैं;
(ग) इन स्थलों को यूनेस्को सूची में नामांकित/शामिल करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए/प्रयुक्त किए गए हैं;
(घ): क्या सरकार का इन किलों के आसपास पर्यटन, संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के साथ बजटीय आवंटन या साझेदारी का ब्यौरा क्या है; और
(च) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और झारखंड राज्यों के भविष्य में शामिल किए जाने वाले स्थानों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): जी हाँ। इस वर्ष पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र के दौरान, "भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य" नामक संपत्ति जिसमें 12 मराठा किले शामिल हैं, को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। इन किलों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ग): भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य को यूनेस्को के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार, इसमें अंतनिर्हित मानदंड (iv) और (vi) के अंतर्गत शामिल किया गया है।

(घ) और (ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण देश भर में संरक्षित स्मारकों और स्थलों के संरक्षण और अनुरक्षण का कार्य करता है जिसमें पेयजल, शौचालय, सुगम-पथ और सुन्दर परिदृश्य जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराना शामिल है। स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और इसे स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। तथापि, धनराशि का आवंटन स्मारकों की आवश्यकता के अनुसार किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, मुंबई मंडल के अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और अनुरक्षण के लिए आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है: -

क्र.सं.	**वर्ष**	**आवंटन (करोड़ रुपए में)**
1	2022-23	15.35
2	2023-24	15.56
3	2024-25	12.58

(च): वर्तमान में, महाराष्ट्र राज्य की 02 संपत्तियों और मध्य प्रदेश की 11 संपत्तियों को विश्व धरोहर स्थलों की अनंतिम सूची में शामिल किया गया है। तथापि, झारखंड राज्य की कोई भी संपत्ति इस अनंतिम सूची में शामिल नहीं है। विश्व धरोहर में नामांकन के लिए संपत्तियों का इस अनंतिम सूची में शामिल होना एक अनिवार्य शर्त है। इस अनंतिम सूची में शामिल संपत्तियों का विवरण **अनुबंध-II** में गया है।

अनुबंध-।

लोक सभा में दिनांक 04.08.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2316 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुबंध

भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य के क्रमिक नामांकन के किले

क्र.सं.	किले का नाम	ज़िला	राज्य
1	रायगढ़ किला	रायगढ़	महाराष्ट्र
2	राजगढ़ किला	पुणे	महाराष्ट्र
3	शिवनेरी किला	पुणे	महाराष्ट्र
4	प्रतापगढ़ किला	सतारा	महाराष्ट्र
5	पन्हाला किला	कोल्हापुर	महाराष्ट्र
6	विजयदुर्ग किला	सिंधुदुर्ग	महाराष्ट्र
7	लोहागढ़	पुणे	महाराष्ट्र
8	साल्हेर किला	नासिक	महाराष्ट्र
9	सिंधुदुर्ग	सिंधुदुर्ग	महाराष्ट्र
10	सुवर्णदुर्ग	रत्नागिरि	महाराष्ट्र
11	खंडेरी किला	रायगढ़	महाराष्ट्र
12	जिंजी किला	विल्लुपुरम	तमिलनाडु

अनुबंध -II

लोक सभा में दिनांक 04.08.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2316 के उत्तर के भाग (च) में संदर्भित अनुबंध

अनंतिम सूची में शामिल संपत्ति

मध्य प्रदेश

1.	ओरछा का ऐतिहासिक समूह	मध्य प्रदेश	2019	मध्य प्रदेश सरकार
2.	धमनार का ऐतिहासिक समूह	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
3.	रामनगर, मंडला के गोंड स्मारक	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
4.	भोजेश्वर महादेव मंदिर, भोजपुर	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
5.	चंबल घाटी के शैल कला स्थल	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
6.	खूनीभंडारा, बुरहानपुर	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
7.	ग्वालियर किला	मध्य प्रदेश	2024	मध्य प्रदेश सरकार
8.	मौर्य मार्गों पर अशोक शिलालेख स्थलों के लिए क्रमिक नामांकन	बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात	2025	मध्य प्रदेश सरकार
9.	चौसठ योगिनी मंदिर का क्रमिक नामांकन	मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा	2025	मध्य प्रदेश सरकार
10.	उत्तर भारत में गुप्त मंदिरों का क्रमिक नामांकन	मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार	2025	मध्य प्रदेश सरकार
11.	बुंदेलों के महल-किले	मध्य प्रदेश	2025	मध्य प्रदेश सरकार

महाराष्ट्र

1.	भारत के कोंकण क्षेत्र की भूमि–चित्र (ज्योग्लिफ़)	महाराष्ट्र	2022	महाराष्ट्र सरकार
2.	कोंकण तट पर तटीय दुर्गों का क्रमिक नामांकन	महाराष्ट्र	2024	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और महाराष्ट्र सरकार

*****